दिशा म प्रगात का मापन क लिए किया। लिए प्रोत्साहित किया। उन्हान

युवा महोत्सव में चमके बिरला शिशु विहार के सितारे

प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का एक बड़ा मौका मिलेगा

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेश के युवाओं के लिए घोषणा के अनुसार राजस्थान युवा महोत्सव-2023 ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन साबू कॉलेज पिलानी में 22 जुलाई को किया गया था। जिसमें चित्रकारी, नृत्य, संगीत, लोक गायन, समूह चर्चा आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य राजस्थान के युवाओं को सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से आपसी मुकाबले का एक मंच प्रदान करना है। इस महोत्सव के माध्यम से, राजस्थान के युवा प्रतिभागियों को उनकी प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का एक बड़ा मौका मिलेगा।

इस सांस्कृतिक महोत्सव का लक्ष्य युवा राजस्थानी प्रतिभाओं को ग्लोबल मंच पर प्रस्तुत करके राज्य की मान्यता को बढ़ाना है, बिरला शिशु विहार के विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन झुंझुनूं में 2 और 3 अगस्त को आयोजित किया गया जहां बिरला शिशु विहार की कक्षा -11 की छात्रा कीर्ति ने समूह परिचर्चा में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही राज्य स्तर के लिए चयनित हुई।

वहीं कक्षा -12 की छात्रा अमानत ने वक्तृत्व कला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बिरला शिशु विहार के संगीत ग्रुप ने युवा सामोहिक लोक गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया पूरी प्रतियोगिता में बिरला शिशु विहार के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने प्रतियोगियों तथा उनके शिक्षकों को बधाई दी और राज्य स्तर पर भी ऐसे ही प्रदर्शन की कामना की।